**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्र आज संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। सरकार ने इस अवसर पर आज से देश भर में एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरुआत की है।

आज संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में संविधान सदन में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संबोधित किया। इस अवसर पर उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दिल्ली स्थित दूतावासों के प्रमुख भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे। श्री मोदी न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी करेंगे।

****************************************************************

आज संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में देशवासियों को बधाई दी। भारत के संविधान को 1949 में आज ही के दिन अंगीकार किया गया था। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संविधान दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में लोकतंत्र की ताकत उसका संविधान है, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का मंत्र देता है।

****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता क्षेत्र को जलवायु अनुकूल बनाने के महत्व पर बल दिया हैं। नई दिल्ली में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इन समितियों को चक्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने सहकारी क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को बढावा देने की आवश्यकता

पर जोर दिया। श्री मोदी ने कहा कि सहकारी क्षेत्र विशेषकर ग्लोबल साउथ के देशों को विकास हासिल करने में सहायक हो सकता है।

*************************************************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रामीण कृषि **बारे** राष्ट्रीय मिशन पर अपनी सहमति दे दी है। नई दिल्ली में कल शाम मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य रसायन मुक्त और सतत कृषि के लिए प्राकृतिक कृषि को पुनजीर्वित करना है। उन्होंने इस निर्णय को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया।

*************************************************************

प्रसार भारती, रेलटेल और प्लेबॉक्स टीवी ने रेलवायर ब्रॉडबैंड पर **फ्रीडम प्लान** शुरू किया है। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी तथा रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने कल नई दिल्ली में इस योजना की शुरुआत की। **फ्रीडम प्लान** में प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म **वेव्स** सहित नौ अन्य प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म, 30 एमबी प्रति सेकेण्ड का हाई-स्पीड इंटरनेट, 400 से अधिक लाइव टीवी चैनल और 200 से अधिक गेम शामिल हैं। श्री द्विवेदी ने कहा कि देश डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है और **वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म** प्रसार भारती के लिए एक बड़ी छलांग है। रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने कहा कि रेलटेल की होम इंटरनेट सेवा- **रेल वायर** इंटरनेट से वंचित क्षेत्रों में किफायती इंटरनेट पहुंचाने पर केंद्रित है।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को पानीपत से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बीमा सखी योजना का शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे देश की लाखों

महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक धरा पर होने वाला यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 दिसम्बर को हरियाणा को कई सौगातें भी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जो वायदे किये गए है उन्हें पूरा किया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल में मेट्रो पहुंचाने की संरचना तैयार की जा रही है।

*************************************************************

हरियाणा के पंचायत, विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से दिसम्बर माह में पानीपत में मेगा रोजगार मेला आयोजित करेगी। इस मेले में बड़े-बड़े उद्योगों के मालिकों को बुलाया जाएगा। कल पानीपत में 9 दिसम्बर को होने वाले प्रधानमंत्री कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मंत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता का बड़ा हिस्सा है। एक हजार गांवों की फिरनियों को पक्का किया जाएगा व गलियों में रोशनी की विशेष व्यवस्था की जाएगी। एक हजार गांवों में पुस्तकालय की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, ताकि युवा उनसे लाभान्वित हो सके। युवाओं के लिए गांव में 250 ओपन जिम भी खोले जाएंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार 6500 से ज्यादा गांव में महिलाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्रों की शुरुआत करेगी। इनमें से 1000 सांस्कृतिक केंद्र अगले साल तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 19 हजार तालाब हैं, पहले चरण में एक हजार तालाबों का सुधारीकरण व सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबों के पास बैठने की भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी।

*************************************************************

चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में चल रहे 19वें इंटरनेशनल थियेटर फेस्टिवल में छठे दिन भारत की पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रतिभा पाटिल द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित तेजस्वी शर्मा ने भजन गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सबसे पहले

उन्होंने मीरा के लिखे हुए भजन “मेरे तो गिरधर गोपाल” से भजन संध्या शुरू की। उन्होंने कई भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्लेखनीय है कि तेजस्वी शर्मा जो 90 प्रतिशत दिव्यांग है, जिनकी बुद्धि लब्धि (आईक्यू) 3 साल के बच्चे जितनी है और वह ठीक से बोल भी नहीं सकती, लेकिन वह 5 अलग-अलग भाषाओं में 1000 से अधिक गाने गा सकती है।

*****************************************************************